योजनाओं के क्रियान्वयन में बाधा बर्दाश्त नहीं : उईके

नवभारत न्यूज

बैतूल, 17 जुलाई. प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के कुशल प्रेरक नेतृत्व में हर वर्ग के कल्याण और विकास की योजनाओं का प्रभावी क्रियान्वयन किया जा रहा हैं।

पेसा एक्ट को पूरी गंभीरता से क्रियान्वयन करें

कलेक्टर सभागार में आयोजित हुई दिशा की बैठक

ताकि समाज के अंतिम छोर पर खड़े व्यक्ति के जीवन में खुशहाली और समृद्धि आए। केंद्र और राज्य शासन द्वारा संचालित लोक हितकारी योजनाओं के क्रियान्वयन में कोई भी बाधा बर्दाश्त नहीं की जाएगी। यह बात केंद्रीय राज्यमंत्री जनजातीय कार्य एवं सांसद दुर्गादास उईके ने गुरुवार को कलेक्टर सभागार में आयोजित दिशा की बैठक में कहीं। उन्होंने जल जीवन मिशन, स्कूलों के निर्माण, सड़क निर्माण सहित अन्य विकास कार्यों में गुणवत्ता विहीन काम करने वाले ठेकेदारों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई किए जाने के निर्देश संबंधित विभागों के अधिकारियों को दिए। बैठक में लोक स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिक्षा तथा जिले के प्रभारी मंत्री नरेन्द्र शिवाजी पटेल, उपाध्यक्ष जन अभियान परिषद मोहन नागर, जिला योजना समिति के सदस्य सुधाकर पवार, जिला पंचायत अध्यक्ष राजा पवार, विधायक डॉ योगेश पंडाग्रे, विधायक महेंद्र सिंह चौहान, विधायक चंद्रशेखर देशमुख , विधायक घोड़ाडोंगरी श्रीमती गंगाबाई उईके, नगर पालिका अध्यक्ष श्रीमती पार्वती बाई

बारस्कर, उपाध्यक्ष जिला पंचायत हंसराज धुर्वे सहित कलेक्टर नरेन्द्र कुमार सूर्यवंशी, पुलिस अधीक्षक निश्चल झारिया, वन मंडल अधिकारी नवीन गर्ग, वन मंडल अधिकारी वरुण यादव , वन मंडल अधिकारी टीआर विजयंतम मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत अक्षत जैन सहित सभी जनपद अध्यक्ष, जनपद सदस्य एवं एनी जनप्रतिनिधि उपस्थित रहें।

निजी अस्पतालों को पैनल्ड किया जाये : केंद्रीय मंत्री श्री उईके ने स्वास्थ्य विभाग अंतर्गत आयुष्मान योजना की समीक्षा कर निर्देश दिए कि जिले में आयुष्मान योजना में और अधिक निजी अस्पतालों को पैनल्ड किया जाएं। आयुष्मान योजना के हितग्राहियों को राशि का भुगतान समय पर हो। योजना में अनियमितता करने वाले वाले निजी अस्पतालों के विरुद्ध जांच दल गठित कर कार्यवाही की जाएं। उन्होंने विशेष जोर देते हुए कहा कि जिले के दुर्गम ग्रामीण क्षेत्रों में प्रसव सुविधा केंद्र स्थापित किए जाएं। ताकि गर्भवती महिलाओं और उनके परिजनों को परेशान न होना पड़े। उन्होंने वर्ष 2024 में लाभान्वित हितग्राहियों, प्रसव सुविधा केंद्रों का संचालन, जननी सुरक्षा योजना की राशि का अंतरण की जानकारी भी ली।

जिले को खाद की रैक लगातार हो रही प्राप्त : जिले में खाद की मांग, आवंटन और वितरण की समीक्षा कर केंद्रीय मंत्री श्री उईके ने कहा कि जिले में खाद की रैक लगातार प्राप्त हो रही हैं। खाद का सुचारू और सुव्यवस्थित वितरण कराएं। ताकि किसानों को कोई परेशानी न हों। जिले में मक्का और धान का रकबा पिछले वर्षों की तुलना में काफी बढ़ा। इसी अनुरूप खाद की मांग प्रस्तावित की जाएं। केंद्रीय मंत्री ने फसल बीमा कवरेज की भी जानकारी ली और आवश्यक दिशा निर्देश दिए। केंद्रीय मंत्री ने पेयजल स्रोतों के गुणवत्ता की जांच, सभी स्कूलों और आंगनवाड़ियों में पेयजल आपूर्ति, पेयजल संकट से प्रभावित ग्रामों के चिन्हांकन की जानकारी प्राप्त की। जिले के महाराष्ट्र सीमा से लगे जनजातीय ग्रामों में बच्चे पानी की गुणवत्ता खराब होने के कारण फ्लोरोसिस की समस्या से प्रभावित हो रहे हैं।

जलजीवन मिशन में लापरवाही बर्दाश्त नहीं

प्रभारी मंत्री श्री पटेल ने कहा कि जल जीवन मिशन में लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। ऐसा करने वाले ठेकेदारों को टर्मिनेट किया जाएं। उनकी राशि वसूल करने के साथ उनकी एफ आई आर भी कराएं। उन्होंने कहा कि जनपद स्तर पर आयोजित होने वाली बैठकों में ब्लॉक स्तरीय अधिकारी अनिवार्य रूप से उपस्थित रहें। अनुपस्थित रहने वाले अधिकारियों पर अनुशासनात्मक कार्यवाही की जाएं। उन्होंने कहा कि प्रदेश में मेडिकल कॉलेज की संख्या लगातार बढ़ाई जा रही हैं। जिससे आगामी समय में पर्याप्त चिकित्सकों और मेडिकल स्टाफ की उपलब्धता होगी। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी को जिले के मुलताई और भीमपुर में चिकित्सकों , रेडियोलॉजिस्ट की कमी की समस्या का समाधान करने के निर्देश दिए।

विधायकों ने भी बताई अपने क्षेत्रों की समस्याएं

विधायक श्री देशमुख ने ठेकेदार द्वारा नल जल योजनाओं के निर्माण के दौरान सड़क खुदाई करने और समय पर सड़क मरम्मत नहीं करने के समस्या बताई। जिस पर केंद्रीय मंत्री और प्रभारी मंत्री ने ऐसे ठेकेदारों के विरुद्ध कार्यवाही करने और सड़क की मरमत कराने के निर्देश दिए। विधायक भैंसदेही श्री चौहान ने बिसौली पंचायत के ग्राम मरीढाना और सतारा में काफी समय से खराब ट्रांसफार्मर नहीं बदले गए हैं। जिस पर महाप्रबंधक एमपीईबी को समस्या का त्वरित निराकरण करने के निर्देश दिए। विधायक घोड़ाडोंगरी श्रीमती गंगा बाई उईके ने कुंडी टोल प्लाजा संबंधी समस्या, छात्रावासों में प्रवेश, शाहपुर और भौंरा मार्ग पर रोशनी की व्यवस्था न होने इत्यादि मुद्दों को बताया। जिसका निराकरण करने के निर्देश एन एच के अधिकारियों को दिए गए। जिला पंचायत अध्यक्ष श्री पवार ने कहा कि रैन वाटर हार्वेस्टिंग के बिना मकानों को नगर पालिका द्वारा अनुमति नहीं दी जाएं।

एक नजर में

प्रभारी मंत्री आज करेंगे विकास कार्यों की समीक्षा

भैंसदेही। मध्यप्रदेश शासन के लोक स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिक्षा मंत्री तथा बैतूल जिले के प्रभारी मंत्री नरेन्द्र शिवाजी पटेल 18 जुलाई को प्रातः 11 बजे भैंसदेही में विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत चल रहे विकास कार्यों की समीक्षा बैठक लेंगे। यह बैठक भैंसदेही में आयोजित की जाएगी, जिसमें क्षेत्र के विकास तथा अन्य योजनाओं की प्रगति की समीक्षा की जाएगी। बैठक की तैयारी के संबंध में कलेक्टर नरेन्द्र कुमार सूर्यवंशी ने निर्देश दिए हैं कि विकासखंड भैंसदेही, भीमपुर और आठनेर के समस्त विकासखंड स्तर के अधिकारी अपने-अपने आवश्यक अभिलेखों एवं अद्यतन जानकारी सहित बैठक स्थल पर अनिवार्य रूप से उपस्थित रहें। प्रभारी मंत्री पटेल द्वारा योजनाओं की प्रगति के साथ-साथ जनहित से जुड़े कार्यों की समीक्षा की जाएगी।

जियो टेकिंग में मुलताई प्रथम

मुलताई। प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत प्रदेश में स्वीकृत आवास की अलग अलग स्तर पर जिओ टेगिंग की जाना है। फाउंडेशन स्तर की जियो टेगिंग में मुलताई नपा को पहला स्थान मिला है। नपा के राजस्व नोडल अधिकारी जीआर देशमुख ने बताया प्रधानमंत्री आवास योजना शहरी 2 .0के बीएलसी घटक अंतर्गत भारत सरकार द्वारा स्वीकृत 19 हजार 541 आवास में से मुलताई द्वारा प्रदेश की पहली फाउंडेशन स्तर पर जिओ टेनिंग का कार्य किया गया है। मुलताई में इस वर्ष 29 प्रधानमंत्री आवास को स्वीकृति मिली है।

ड्रम में रखी 65 लीटर कच्ची शराब बरामद

मुलताई। क्षेत्र में बिक रही कच्ची शराब पर शिंकजा कसते हुए मुलताई एवं मासोद पुलिस द्वारा एक ग्रामीण के कब्जे से 65 लीटर कच्ची शराब बरामद की है। मासोद चौकी प्रभारी वंशज श्रीवास्तव ने बताया पुलिस अधीक्षक निश्चल एन. झारिया द्वारा जिले में अवैध मादक पदार्थों की तस्करी एवं बिक्री पर प्रभावी नियंत्रण के लिए निर्देश दिए थे। गुरुवार को मुखबिर सूचना मिलने पर होने पर मासोद पुलिस टीम में शामिल उपनिरीक्षक वंशज श्रीवास्तव,प्रधान आरक्षक आलोक पटेल, रामकृष्ण सिल्लारे, आरक्षक मेहमान शाह एवं शिवराम परते द्वारा बाजार चौक मासोद में दबिश दी गई।

झांसी-खजुराहो फोरलेन का सफर अब और भी सुरक्षित

फोरलेन पर 80 कॉल बेल, तेज रफ्तार पर भी नजर

हर दो किमी पर इमरजेंसी कॉल बेल की सुविधा

छतरपुर, 18 जुलाई. अब झांसी-खजुराहो फोरलेन पर यात्रा करना और भी अधिक सुरक्षित और सुविधाजनक हो गया है. जिला प्रशासन और टोल प्रबंधन ने इस मार्ग पर आधुनिक तकनीक से लैस सुरक्षा इंतजाम किए हैं, जो न सिर्फ आपात स्थिति में यात्रियों की मदद करेंगे, बल्कि तेज रफ्तार वाहनों पर भी निगरानी रखेंगे.

फोरलेन पर हर 2 किमी की दूरी पर पीले रंग के विशेष पोल लगाए गए हैं, जिन पर टेलीफोन जैसी इमरजेंसी कॉल बेल लगी है. जरूरत पड़ने पर कोई भी यात्री बटन दबाकर तुरंत मदद मांग सकता है. ये सिग्नल पचवारा और देवगांव टोल प्लाजा के नियंत्रण कक्ष तक पहुंचते हैं, जहां से रेस्क्यू टीम तत्काल रवाना होती है. फोरलेन पर कुल 80 कॉल बेल लगाई गई है. सड़क के दोनों ओर 40-40 लगाए हैं. यात्रियों के लिए 1033 हेल्पलाइन नंबर भी उपलब्ध है, जिससे वे सीधे दिल्ली के सेंट्रल कंट्रोल से संपर्क कर सकते हैं. पचवारा टोल प्लाजा पर 24 घंटे और सातों दिन एंबुलेंस और क्रेन तैनात की गई है. जो आपात स्थिति में त्वरित अपनी सेवाएं देंगी.

सुरक्षा के लिए हाईटेक कैमरे : यात्रियों की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए फोरलेन पर 15 हाईटेक कैमरे लगाए गए हैं. इनमें 8 पैन-टिल्ट-जूम कैमरे और 7 वीडियो इनसीडेंट डिटेक्शन सिस्टम कैमरे शामिल हैं. ये कैमरे सड़क की हर गतिविधि पर नजर रखते हैं. साथ ही, 8 वेरिएबल मैसेजिंग सिस्टम भी लगाए हैं जो ट्रैफिक अलर्ट दिखाते हैं. कारों के लिए अधिकतम गति सीमा 100 किमी प्रति घंटा और ट्रकों के लिए 80 किमी प्रति घंटा तय की गई है. यदि कोई वाहन तय गति से अधिक तेज चलता है, तो कैमरे उसकी पहचान कर लेते हैं।

बारिश : बैतूल में अब तक हुई 14 इंच बारिश

बैतूल। बैतूल में पिछले एक सप्ताह से बारिश नहीं हुई है। हालांकि मौसम विभाग ने जिले के कुछ हिस्सों में बारिश का अनुमान जताया था, लेकिन मौसम विभाग का यह अनुमान गलत साबित हुआ।

बारिश नहीं होने से बढ़ रहा तापमान

सबसे अधिक बारिश घोड़ाडोंगरी ब्लाक में दर्ज

वैसे जिले में अब तक वार्षिक बारिश के कोटे का 32.84 फीसदी पानी गिर चुका है। इस मौसम में

सबसे ज्यादा बारिश घोड़ाडोंगरी में 24.13 इंच दर्ज की गई, जो औसत का 56 प्रतिशत है। 9 जुलाई को 1.91 इंच बारिश के बाद बारिश कम हो गई। 10 जुलाई को 0.16 इंच, 11 जुलाई को शून्य, 12 को 0.07 इंच, 13 को 0.04 इंच और 14 को 0.19 इंच बारिश हुई। बता दे कि जिले की औसत वार्षिक वर्षा 42.67 इंच है। इस साल अब तक 14 इंच बारिश हुई है। यह पिछले साल की तुलना में 7 फीसदी ज्यादा है। बैतूल में 10.15 इंच बारिश दर्ज की गई, जो पिछले साल से 0.93 इंच कम है। वहीं वर्तमान तापमान 29.2 डिग्री के आसपास है।

छतरपुर में 14 वर्षीय छात्र लापता

छतरपुर, 17 जुलाई. छतरपुर जिले के पेप्टिक सिटी देरी रोड इलाके से 14 वर्षीय छात्र पीयूष केदार शुक्ला 14 जुलाई को शाम 6 बजे से लापता है. तीन दिन बाद भी उसका कोई सुराग नहीं मिल सका है. परिजन लगातार उसकी तलाश कर रहे हैं, लेकिन शहरभर के बंद पड़े सीसीटीवी कैमरे जांच में सबसे बड़ी बाधा बन रहे हैं. पीयूष, महर्षि विद्या मंदिर में पढ़ने वाला छात्र है और सरपंच मुकेश कुमार शुक्ला का पुत्र है. परिजनों के अनुसार, 14 जुलाई की शाम वह किराए के मकान पेप्टिक सिटी, देरी रोड से निकला था, लेकिन रात 7.40 बजे तक घर नहीं लौटा. उसकी मां शकुंतला शुक्ला ने पति को सूचना दी और तभी से परिजन उसकी तलाश में लगे हैं. बड़े भाई कैलाश शुक्ला ने बताया कि रात 8 बजे से ही रेलवे स्टेशन, बस स्टैंड, होटलों और कॉलोनियों में तलाश शुरू की गई, लेकिन कहीं से कोई पता नहीं चला है.

कैमरा बंद होने से बाधित जांच: लापता मामले में सबसे चिंताजनक पहलू यह है कि छतरपुर शहर के सभी प्रमुख सीसीटीवी कैमरे बंद पड़े हैं. देरी रोड, रेलवे स्टेशन, बस स्टैंड और कॉलोनियों में कहीं भी कैमरे काम नहीं कर रहे. सिर्फ एक निजी कैमरे में फुटेज मिली, जिसमें पीयूष देरी रोड बाईपास से गुजरते और डॉ. सतीश चौबे के घर के पास से जाते दिखता है.

प्रत्येक सोमवार पर निकलेगी महाकाल की सवारी

मुलताई। पवित्र नगरी में भी प्रत्येक सावन सोमवार पर शाम 5 बजे से बाबा महाकाल की सवारी निकलेगी। सवारी आयोजन को लेकर गुरुवार को ताप्ती तट पर स्थित सत्यनारायण मंदिर मे बैठक का आयोजन किया गया।

बैठक में महाकाल की भव्य सवारी के कार्यक्रम की महत्त्वपूर्ण रूपरेखा बनाई गई 7 इस संबंध में समिति के राहुल शर्मा ने बताया श्रावण सोमवार के महा पर्व पर प्रति सोमवार शाम 5 बजे ताप्ती तट स्थित भगवान सत्यनारायण मंदिर से बाबा महाकाल की भव्य सवारी निकाली जाएगी, जो कि माँ ताप्ती

सरोवर की परिक्रमा कर नगर भ्रमण पर करेगी,महाकाल की भव्य सवारी सत्यनारायण मंदिर मे रुद्राभिषेक के बाद नगर भ्रमण पर निकलेगी। आयोजन समिति ने समस्त नगरवासियो से सवारी में शामिल होने का अनुरोध किया है। गौरतलब है की सावन मास के प्रथम सोमवार को भी सवारी निकाली गई थी। जिसे अच्छा प्रतिसाद मिला था। बैठक में लोकेश रवि यादव, राहुल शर्मा, आदित्य राठौर, रोहित मराठा, चिंटू सोनी, गौरव साबले, रोहित यादव सहित अन्य सदस्य उपस्थित थे।

संदीप बने संत गाडगे बाबा समिति महासंघ के जिला मीडिया प्रभारी

बैतूल। संत गाडगे बाबा समिति महासंघ के प्रदेश अध्यक्ष श्याम सेवतकर ने प्रदेश संगठन प्रभारी अशोक कुमार बाथरे की अनुशंसा और वरिष्ठ समाज बंधुओं सी. गाडगे (राजू), रामप्रसाद बाथरी, वासुदेव सेवतकर, दिलीप सौदागर, राजेश व अनिल तायवाडे ङ्क की सहमति पर संदीप सोलंकी को जिला मीडिया प्रभारी नियुक्त किया है। प्रदेश अध्यक्ष श्री सेवतकर ने बताया कि महासंघ का उद्देश्य संत गाडगे महाराज के विचारों को जनमानस तक

पहुंचाना और समाज बंधुओं को एकजुट करना है। उन्होंने विश्वास जताया कि श्री सोलंकी अपनी जिम्मेदारी को ईमानदारी और निष्ठा से निभाएंगे। अपनी नियुक्ति पर संदीप सोलंकी ने कहा कि वे निष्पक्ष रूप से कार्य करते हुए समाज बंधुओं को जोड़ने और संगठन को मजबूत करने के लिए हरसंभव प्रयास करेंगे। संदीप सोलंकी को जिला मीडिया प्रभारी बनने पर तिरुपति ऐरुल, कलमकार तरुडकर, अनिल तिडके सहित अनेक समाजजनों ने बधाई दी।

सांदीपनि विद्यालय में नशा मुक्ति कार्यक्रम आयोजित

बैतूल। मप्र पुलिस द्वारा चलाए जा रहे नशे से दूरी है जरूरी अभियान के तहत गुरुवार को सांदीपनि विद्यालय घोड़ाडोंगरी में जन जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया।

कार्यक्रम में थाना प्रभारी आम्रपाली दहात, हेड कांस्टेबल रमेश टेकाम द्वारा लगभग 400 छात्र, छात्राओं को नशा मुक्ति पर समझाइश देते हुए नशामुक्ति अभियान के अंतर्गत लघु फिल्म दिखाई गई। थाना प्रभारी श्री आम्रपाली दहात ने छात्रों को नशे से होने वाले दुष्परिणामों से अवगत कराते हुए कहा कि नशीले

पदार्थों का सेवन एक गंभीर सामाजिक समस्या है जो व्यक्ति, परिवार और समाज को गहरे स्तर पर प्रभावित करता है। उन्होंने नशा मुक्त हो मध्यप्रदेश स्लोगन के माध्यम से कहा कि किसी भी चीज का नशा न केवल व्यक्तियों के स्वास्थ्य को खतरे में डालता है, बल्कि अपराधों में वृद्धि का भी एक प्रमुख कारण है। इस गंभीर समस्या से समाधान और एक स्वस्थ एवं नशा मुक्त समाज के निर्माण के लिए नशे से दूरी है जरूरी एक व्यापक नशा मुक्ति जन जागृति अभियान पूरे मध्यप्रदेश में चलाया जा रहा है।

वार्ड-33 में विकास के निशान, समस्याएं जस की तस

पार्षद ने गिनाए विकास कार्य, रहवासियों ने खोली पोल

नवभारत न्यूज

छतरपुर, 17 जुलाई. छतरपुर नगर पालिका के वार्ड क्रमांक 33 पंडित बाबूराम चतुर्वेदी वार्ड में आज भी समस्याओं का अंबार है, फिर भी क्षेत्र की पार्षद अपने कामों को गिनाने में लगी रहती हैं. वार्ड में संचालित जिला अस्पताल में फिल्टर प्लांट खराब पड़ा है, जिससे गंदा पानी सीधे बह रहा है. इससे लोगों को गंदगी और बीमारी का डर सता रहा है. रेलवे स्टेशन से आकाशवाणी तिराहा तक 9

पुलिया बनना थीं. जिनमें से 6-7 पुलिया रेलवे स्टेशन से पन्ना नाका तक बन पाई हैं, लेकिन डाकखाना चौराहे और एलआईसी के सामने 2-3 पुलिया अभी बाकी हैं, जिससे यहां वाहन चालकों को हमेशा हादसे का खतरा बना रहता है. वार्ड की रहवासी संगीता का कहना है कि पहले यहां बिजली की समस्या काफी गंभीर थी, लेकिन अब उसमें थोड़ा सुधार हुआ है. हालांकि अभी भी पूरी तरह समाधान नहीं हुआ है. दिन में 7 से 8 बार बिजली जाती है, जिससे काफी परेशानी होती है. सफाई पहले की तुलना में बेहतर हुई है. नालियों को ढक दिया गया है और कचरा गाड़ी भी समय पर आ जाती अब कॉलोनी में साफ-सफाई पर ध्यान दिया जा रहा है, लेकिन बिजली की समस्या अब भी लोगों को परेशान कर रही है.

पार्षद ने हटवाए बड़े-बड़े कचरे के ढेर - छतरपुर नगर पालिका के वार्ड क्रमांक 33 पंडित बाबूराम चतुर्वेदी वार्ड की पार्षद रेखा वर्मा हैं. इससे पहले 2014 से 2022 तक उनके पति सुनील वर्मा पार्षद रह चुके हैं. इस वार्ड में लगभग 3000 लोग निवासरत हैं. यहां के मुख्य क्षेत्र शहनाई गार्डन, चौबे अस्पताल के पीछे का एरिया, सर्किट हाउस तिराहा, किशोर सागर, जिला अस्पताल के पीछे का क्षेत्र, शांति नगर कॉलोनी, मुक्तिधाम आदि शामिल हैं. पार्षद रेखा वर्मा ने बताया कि उन्होंने अपने कार्यकाल में कई काम कराए हैं.

ज्ञापन **ईपीएफ जमा नहीं, एरियर्स लंबित, गणवेश भी नहीं मिला**

10 साल की सेवा पर भत्ता नहीं, वेतन में देरी से कर्मचारियों में आक्रोश

आमला। वर्षों से नियमितीकरण की राह देख रहे नगर पालिका परिषद आमला में कार्यरत कर्मचारियों की समस्याओं को लेकर अब सब्र का बांध टूटने लगा है।

नगरपालिका सीएमओ को सौंपा ज्ञापन

कर्मचारियों ने बताई अपनी समस्याएं

वर्षों से लंबित वेतन, जमा नहीं हो रही ईपीएफ राशि, शासन के निर्देशों के बावजूद नहीं मिला गणवेश और एरियर जैसी परेशानियों के बीच कर्मचारियों ने भारतीय मजदूर संघ के बैनर तले

नव नियुक्त मुख्य नगर पालिका अधिकारी को ज्ञापन सौंपा। इस दौरान कर्मचारियों में काफी नाराजगी देखी गई। भारतीय मजदूर संघ आमला इकाई ने अध्यक्ष प्रमोद कुमार के नेतृत्व में नगर पालिका और नगर पंचायत के सभी कर्मचारियों की प्रमुख समस्याओं और मांगों को विस्तार से रखा गया। ज्ञापन में कर्मचारियों ने साफ किया कि उन्हें विगत कई माह से समय पर वेतन नहीं मिल रहा है, जिससे घर चलाना मुश्किल हो गया है। वहीं वेतन से ईपीएफ की राशि तो कटती है, लेकिन बीते 4 से 6 माह से वह कर्मचारियों के खातों में जमा नहीं हो रही है। इसके अलावा कर्मचारियों ने बताया कि शासन के आदेशों के अनुसार जो कर्मचारी छठवां वेतनमान प्राप्त कर रहे हैं, उन्हें दिसंबर 2024 से मार्च 2025 तक का एरियर भुगतान किया जाना था, जो अब तक नहीं हुआ है। शासन के नियमानुसार ऋजु अनुसार गणवेश भी अब तक वितरित नहीं किया गया है। कर्मचारियों ने यह भी मांग की कि जिन कर्मचारियों ने 10 वर्ष की सेवा पूरी कर ली है, उन्हें शासन के अनुसार निर्धारित अतिरिक्त भत्ता प्रदान किया जाए। कर्मचारियों ने चेतावनी दी कि यदि समस्याओं का शीघ्र समाधान नहीं किया गया तो वे चरणबद्ध आंदोलन के लिए बाध्य होंगे।

हड़ताल अवधि का वेतन जल्द मिलेगा, दिया आश्वासन

बैतूल। न्यू बहुउद्देश्यीय स्वास्थ्य कर्मचारी संघ के प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष प्रकाश मांकोड़े के नेतृत्व में एक प्रतिनिधिमंडल ने धार में जिले के प्रभारी मंत्री नरेंद्र शिवाजीराव पटेल से मुलाकात की। इस दौरान स्वास्थ्य कर्मचारियों से जुड़ी लंबित मांगों पर मंत्री से विस्तार से चर्चा की गई। संघ ने हड़ताल अवधि के वेतन और वेतन विसंगति को लेकर अपनी बात मजबूती से रखी। उन्होंने मंत्री जी का पुष्पगुच्छ भेंट कर स्वागत किया और हड़ताल अवधि का वेतन आहरण तथा लंबित वेतन विसंगति के मामलों को विस्तार से रखा। मंत्री नरेंद्र पटेल ने कर्मचारियों की समस्याओं को गंभीरता से सुनते हुए प्रतिनिधिमंडल को आश्वासन दिया कि हड़ताल अवधि के वेतन की प्रक्रिया प्रचलन में है और इस दिशा में जल्द कार्यवाही पूरी की जाएगी।

सड़क सुरक्षा को लेकर जिला स्तरीय बैठक संपन्न

बैतूल। कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में गुरुवार को जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक का आयोजन किया गया, जिसमें केंद्रीय जनजातीय कार्य मंत्री श्री दुर्गादास उईके और जिले के प्रभारी मंत्री श्री नरेन्द्र शिवाजी पटेल विशेष रूप से उपस्थित रहे। बैठक में सड़क सुरक्षा योजनाओं की समीक्षा, पिछली बैठकों के अनुपालन प्रतिवेदन और आगामी एजेंडे पर विस्तार से चर्चा की गई। बैठक में राहवीर योजना, हिट एंड रन मोटर दुर्घटना क्षतिपूर्ति योजना 2022 और कैशलेस ट्रीटमेंट स्कीम 2025 पर विस्तार से जानकारी दी गई। अधिकारियों ने बताया कि राहवीर योजना के अंतर्गत सड़क दुर्घटना में घायल व्यक्ति को गोल्डन आवर यानी दुर्घटना के एक घंटे के भीतर अस्पताल पहुँचाने वाले को

25,000 की प्रोत्साहन राशि दी जाएगी। इसी प्रकार हिट एंड रन दुर्घटना में मृतकों के परिजन को 2 लाख और गंभीर घायलों को 50,000 की सहायता राशि प्रदान की जाएगी। वहीं कैशलेस ट्रीटमेंट योजना 2025 के अंतर्गत सड़क हादसे में घायल व्यक्ति को आयुष्मान योजना से संबद्ध अस्पतालों में 1.5 लाख तक का निःशुल्क उपचार मिलेगा। केंद्रीय मंत्री श्री उईके और प्रभारी मंत्री श्री पटेल ने कहा कि ये सभी योजनाएं आमजन की जीवन रक्षा के दृष्टिकोण से अत्यंत महत्वपूर्ण हैं, लेकिन वर्तमान में इनकी जानकारी जनसामान्य में सीमित है। उन्होंने राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण और सभी सड़क निर्माण एजेंसियों को योजनाओं का व्यापक प्रचार-प्रसार करने, मार्गों और टोल प्लाजा पर होर्डिंग्स लगाने के निर्देश दिए।